हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार, 13 जून 2024


तापमान

अधिकतम 45 .5 डिग्री
न्यूनतम 26 .8 डिग्री


11 फीस बढ़ोतरी पर गुस्साए एमडीयू के छात्रों ने ...



12 पुलिस की मौजूदगी में निंदाना गांव में जमीनों ...




## शहर में आज

- पीजीआई के लेबर रूम के सामने ठंडे पानी की छबील लगाई जाएगी सुबह 10 बजे
- मदवि एम्प्लाइज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण समारोह होगा
- टिटौली के स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ में युवा निर्माण शिविर शुरू होगा सुबह 6 बजे से
- डीसी-एसपी लोगों की शिकायतें सुनेंगे सुबह 9 से 11 बजे तक
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा सुबह 11.30 बजे से
- भारतीय आशा पार्टी के अध्यक्ष विशेष बामल होटल कलिंगा इन में पत्रकार वार्ता करेंगे दोपहर 12:00 बजे

## बिजली कट

- सुबह 6 से 10:30 तक

गांव खिड़वाली, जिंदरान, कटवाड़ा, घुसकानी सरकारी पॉलिटेक्निक गांव सांघी, जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी की बिजली प्रभावित रहेगी

- सुबह 9 से 10:30 बजे तक

लाढ़ोत रोड, उत्तम विहार, टोल प्लाजा, मिल्क प्लांट, चमरिया एपी, साई बॉक्सिंग हॉल, सनसिटी हाइट्स, विशाल नगर और राजीव गांधी खेल परिसर की बिजली प्रभावित रहेगी

## खबर संक्षेप



### मदवि ने परीक्षा तिथि में बदलाव किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की 18 जून को आयोजित की जाने वाली कुछ पेपरों की परीक्षा की आयोजन तिथि में बदलाव किया गया है।कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि 18 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा होने के चलते इस दिन आयोजित होने वाले पेपरों की परीक्षा की आयोजन तिथि में बदलाव किया गया है। जिस बारे विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### अवार्ड्स अपलोड करने के लिए पैनल ओपन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों तथा डीपीएड दूसरे व चौथे सेमेस्टर के इंटर्नल असेसमेंट अवार्ड्स अपलोड करने के लिए पैनल ओपन है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एमडीयू से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों तथा डीपीएड दूसरे व चौथे सेमेस्टर के इंटर्नल असेसमेंट अवार्ड्स 25 जून तक पैनल पर ऑनलाइन अपलोड किए जा सकते हैं।


**खबरों के लिए हरिभूमि टीम**

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |


### मानसून से पहले हरकत में आया प्रशासन

# 49 लाख से होगी शहर के 40 नालों की सफाई, 18 को टेंडर, 19 से काम शुरू

- डीसी ने दिए थे 30 जून तक सफाई करवाने के आदेश
- निगम हर साल नालों की सफाई के लिए चलाता है विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम ने जुलाई में मानसून आगमन को देखते हुए नालों की सफाई के लिए तैयारियां शुरू कर दी। निगम की तरफ से शहर के प्रमुख नालों की सफाई के लिए टेंडर लगाया गया है जो 18 जून को ओपन होगा। 19 जून को काम शुरू करवाया जाएगा। सफाई कार्य पर करीब 49 लाख का खर्च आएगा। इसके अलावा निगम के कर्मचारियों की मदद ली जाएगी। साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग को भी सीवरों की सफाई करवानी होगी। सफाई का कार्य सभी विभागों को 30 जून से पहले पूरा करना होगा। प्रशासन का मकसद रोहतक में बरसात आने के बाद के पानी में जलभराव को रोकना है। निगम द्वारा हर साल नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया जाता था। इस बार जून का माह शुरू हो चुका है लेकिन सफाई कार्य शुरू नहीं हुआ है। जबकि विगत वर्ष जोरशोर से अभियान चलाकर हिसार रोड, किला रोड, गोहाना रोड, जींद रोड के नालों की सफाई करवाई गई थी। सोमवार को उपायुक्त अजय कुमार और एसपी हिमांशु गर्ग ने समाधान शिविर लगाया। जहां व्यापारियों द्वारा नालों की सफाई का मामला जोरशोर से उठाया गया। साथ ही कहा गया कि इस बार बरसात के पानी की निकासी नहीं हो पाएगी और दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। निगम की तरफ से टेंडर लगा दिया गया है। टेंडर के तहत ऐसे नालों की सफाई होगी, जिनमें शहर का गंदा पानी बाहरी ड्रेन तक जाता है।






### टेंडर के बाद काम शुरू होगा

नगर निगम क्षेत्र में करीब 40 नाले हैं। जिनकी सफाई के लिए टेंडर लगाया गया है। 18 जून को टेंडर ओपन होगा। इसके बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। **-मंदीप धनखड़**, एक्सईएन, नगर निगम

### डीसी ने दिए थे नालों की सफाई के आदेश

उपायुक्त अजय कुमार ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बाढ़ से राहत कार्यों की समीक्षा की थी। इसमें निर्देश दिए गए कि अधिकारी मानसून आने से पहले सभी आवश्यक प्रबंध करें और अपने अपने विभागों के उपकरण सही हालत में रखें। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में साफ-सफाई को दुरुस्त करवाएं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे ड्रेनों की सफाई के कार्य को इसी माह पूरा करवाएं। सभी डीजल व बिजली पंप सेट की मरम्मत करवाई जाए।

### सीवर की सफाई जल्द करवाएं

उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा था कि विभाग द्वारा शहर में सीवर की सफाई के साथ-साथ मेन हॉल भी दुरुस्त करवाए जाए। उन्होंने कहा कि विभाग स्टोरम वाटर की ड्रेन की भी साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अप्पू घर की सफाई करवाने, छोटूराम चौक पर बरसात में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रबंध करने के आदेश दिए थे।

### पूर्व मेयर और व्यापारियों ने डीसी को दी थी नालों सीवर की सफाई की शिकायत

सोमवार को पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल और पार्षदों ने डीसी से मिलकर शिकायत दी। इनमें कहा गया कि सेक्टर 1, 2, 3, 4 व सेक्टर 14 की स्ट्रोम वाटर लाइन की मरम्मत करवाई जाए, आईजी कार्यालय के पास ओपन चैनल डिस्पोजल ड्रेन की सफाई करवाई जाए। जो नाले पब्लिक हेल्थ द्वारा बनाए गए थे, उनकी सफाई भी निगम को करवानी है। बकेट मशीन द्वारा सीवरों की सफाई होनी चाहिए ताकि पानी का बहाव न रुके। निगम के पास जितने भी पम्प जरनेटर हैं, उनकी मरम्मत जल्द करवाई जानी चाहिए, ताकि पानी निकासी की व्यवस्था हो सके। इसके अलावा शहर के व्यापारी नेताओं ने भी नालों की सफाई करवाने की मांग की थी।




## कल पीजीआई की ओपीडी में लगेगा रक्तदान कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा 14 जून को बडे. स्तर पर विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाएगा। सबसे पहले शुक्रवार को सुबह 8 बजे से चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।



इसी दिन सुबह 9 बजे ओपीडी से मेडिकल मोड तक पीजीआई, डेंटल, नसिंर्ग व फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। बता दें कि हर साल एनजीओ के सहयोग से करीब प्रतिदिन ही ब्लड डोनेशन कैंप लगते हैं।

इन कैंप से पीजीआई में पिछले साल करीब 39 हजार यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और उससे 82 हजार ब्लड कंपोनेंट बनाए गए। पीजीआईएमएस में स्पेशलिटी ज्यादा है, जिसके चलते प्रतिदिन करीब 200 यूनिट रक्त और उसके कंपोनेंट की जरूरत पड़ती है। ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास रहता है कि विभाग में रक्त लेने आने वाले मरीज के परिजन से रक्तदान न करवाया जाए।

## एक व्यक्ति से 1.95 लाख रुपये ठगे



**रोहतक।** अस्थल बोहर निवासी एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित जोगेंद्र ने बताया कि 11 जून को शाम करीब साढ़े पांच बजे फोन आया और उसने क्रेडिट कार्ड का नंबर बताकर, कहा कि आपको को बोनस प्वाइंट दिए जा रहे है। उसके बाद आरोपित ने वेबसाइट का लिंक भेज दिया और उस लिंक पर ओटीपी डालने के बाद 1.95 लाख रुपये कट गए। इस तरह आरोपित ने धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ।

## जिले में 100 दिन तक चलेगा एनीमिया मुक्त अभियान, खून की कमी की होगी जांच

**रोहतक।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 11 जून से हो चुकी है। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने डीआरडीए भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बैठक की। वैशाली सिंह ने बताया कि आज भी देश की 60 से 70 प्रतिशत जनता खून की कमी से प्रभावित है। इनमें अधिकतर आबादी लड़कियों व महिलाओं की है। इस वर्ष यह अभियान 100 दिन तक चलाया जाएगा। अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है। सभी आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व हेल्थ वर्कर्स से अगले 20 दिनों में घर-घर जाकर हर नागरिक की खून की जांच करने के निर्देश दिए। एडीसी ने सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी, पीओ आईसीडीएस व सभी पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में कार्य के बारे में बताएं और साप्ताहिक समीक्षा करें। सभी खंड विकास अधिकारी, ग्राम सचिव इस अभियान के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, एनीमिया के नोडल अधिकारी और उप सिविल सर्जन डॉ. राजबीर सभ्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, विकास व पंचायत विभाग के एसईपीओ हरिचंद गुप्ता, एसएमओ कुलदीप सिंह, डॉ. नीना, डॉ. जीडी शर्मा, डॉ. शिवानी, डॉ. सुशीला, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. सबीना, डॉ. जोंटी, डॉ. मोहित, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दलजीत सिंह मौजूद रहे।

## मदविः एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज का सेमिनार 14 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज 14 जून को- न्यू पेंशन स्कीम सब्सक्राइबर्स के लिए जागरूकता सेमिनार का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने बताया कि इस जागरूकता सेमिनार में वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट तथा एचडीएफसी पेंशन्स के जोनल मैनेजर सुमित सहगल बतौर की-नोट स्पीकर शिरकत करेंगे। इस जागरूकता कार्यक्रम में एनपीएस-इंट्रोडक्शन एंड फंक्शन, एनपीएस कंट्रीब्यूशन, फंड परफॉर्मेंस इवैल्यूशन एंड प्रोसेस ऑफ चेजिंग फंड मैनेजर्स, एनपीएस से संबंधित सरकार की नई गाइडलाइन्स व रेगुलेशन्ज समेत एनपीएस से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर फोकस रहेगा।

## समाधान शिविर के तीसरे दिन आई 94 शिकायतें

### डीसी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों पर तुरन्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश

- समाधान शिविर में जनता की सुविधा के लिए एक ही स्थान पर मौजूद रहेंगे उच्चाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** समाधान शिविर में जनता की शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीसी ।

सरकार द्वारा जनता की सुविधा के लिए जिला स्तर पर 10 जून से लगाए जा रहे समाधान शिविर के तीसरे दिन बुधवार को प्रशासन के पास जन समस्याओं से सम्बंधित कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से पुलिस विभाग से संबंधित 10 शिकायतें, अतिरिक्त उपायुक्त से संबंधित 30 शिकायतें, एसडीएम से संबंधित 3 शिकायतें, संयुक्त आयुक्त नगर निगम से संबंधित 25 शिकायतें, नगराधीश से संबंधित पांच, एडमिनिस्ट्रेटर कलानौर नगर पालिका से संबंधित चार, जिला राजस्व विभाग से संबंधित दो, जनस्वास्थ्य से संबंधित दो, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम से संबंधित चार, हॉउसिंग बोर्ड, जिला समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मृदा संरक्षण कार्यालय, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, जिला नगर योजनाकार, जिला खाद्य एवं आपुर्ति नियंत्रक व डीडीपीओ विभाग से संबंधित एक-एक शिकायतें मिली। शिकायतों की सुनवाई करने के दौरान उपायुक्त अजय कुमार ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लोगों को एक ही स्थान व एक ही डेस्क पर अपने समस्याओं को रखने की सुविधा देने के उद्देश्य से ये समाधान शिविर जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे हैं। लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक जिला स्तर के उच्चाधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहेंगें। यदि किसी नागरिक की समस्या का समाधान परंपरागत तरीके से नहीं हो पा रहा है।

### साइन बोर्ड लगवाने का अनुरोध

समाधान शिविर में श्री दयाल योग प्रचार समिति द्वारा पुराना गोहाना अड्डा चौक पर साईन बोर्ड लगवाने संबंधित अनुरोध किया गया, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। टिटोली गांव के कपिल देव ने समाधान शिविर में अपनी बंजर जमीन पर पाईप ले जाने संबंधित मदद की आवेदन दिया, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार समाधान निकालने के संदर्भ में निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समाधान शिविर में आए सभी 94 शिकायतों के निपटान संबंधित दिशा निर्देश दिए।

**चुनाव** राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर बोले, गरीब व्यक्ति को लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित करने की प्रक्रिया


# लखपति ही लड़ पाएंगे जाट शिक्षण संस्था गवर्निंग बॉडी चुनाव, प्रधान पद के लिए जमानत राशि 1 लाख 51 हजार

- उप प्रधान को 1 लाख 41 हजार, सचिव को 1 लाख 31 हजार तथा खंजाची को 1 लाख 21 रुपये जमा करवाने होंगे

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक




जिस कॉलेजियम सदस्य की आर्थिक हालत काफी अच्छी है। वह ही जाट शिक्षण संस्था की गवर्निंग बॉडी का चुनाव लड़ पाएगा, क्योंकि चुनाव लड़ने के लिए जमानत की राशि इतनी भारी भरकम तय कर दी गई है कि आम कॉलेजियम सदस्य इलेक्शन लड़ने की शायद ही सोच पाए। वजह है कि अगर जमानत बचने के लायक वोट नहीं मिली तो जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी। बुधवार को जमानत की राशि तय की गई। ये कोई पांच-सात हजार नहीं, बल्कि लाखों में है। अगर किसी ने प्रधान का चुनाव लड़ना है तो उसे जमानत की राशि 1 लाख 51 हजार रुपये, उप प्रधान ने 1 लाख 41 हजार, इसचिव ने 1 लाख 31 हजार और खंजाची को 1 लाख 21 रुपये जमा करवाने होंगे। किसी व्यक्ति के पास इतनी भारी भरकम राशि नहीं है तो उसे चुनाव लड़ने के लिए जाट शिक्षण संस्था की तरफ मुंह भी नहीं करना चाहिए। कुल मिलाकर ये है कि जो व्यक्ति लखपति है, वह ही इलेक्शन लड़ सकता है। जमानत की राशि लाखों रुपये तक करने को लेकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. रणबीर गुलिया कहते हैं कि जाट शिक्षण संस्था कोई वाणिज्यक इंस्टीट्यूट नहीं, बल्कि सामाजिक संस्था है, जिसका चुनाव लड़ने के लिए लाखों रुपये किसी भी व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में जमा करवाना पड़ें।



प्रो. रणबीर गुलिया

उन्होंने कहा कि इतनी भारी भरकम जमानत राशि तय करने का मतलब है कि प्रशासन ने आम आदमी को संस्था का चुनाव लड़ने ही देना चाहता। डॉ. रणबीर गुलिया ने बताया कि देश की संसद का चुनाव 25 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करवाकर लड़ जा सकता है, तो जाट संस्था का क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम चुनाव लड़ने के लिए भी प्रशासन ने उम्मीदवारों से 51-51 हजार रुपये लेना गलत है। जाट संस्थान के आजीवन सदस्यों ने इस पर विरोध जताना चाहिए था।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने मीटिंग ली

चुनाव को लेकर बुधवार को मातूराम इंजिनियरिंग कॉलेज में चुनाव अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने मीटिंग ली। इस बैठक में ही जमानत की राशि लाखों रुपये तय की गई। इस मीटिंग में कॉलेजियम सदस्य डॉ. प्रेम हुड्डा और सुखबीर हुड्डा ने जमानत राशि को लेकर विरोध जताया। इन दोनों कहा कि प्रशासन जमानत की राशि लाखों रुपये तय करके कॉलेजियम सदस्यों को उनके राजनीतिक अधिकारों से वंचित कर रहा है। डॉ. हुड्डा ने कहा कि जो अधिकारी चुनाव प्रक्रिया को संभाल रहा है, वह प्रशासन को गलत गाइड कर रहा है। हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र में ये निहित है कि ये गरीब और अमीर में अंतर पैदा नहीं करता, बल्कि सभी को एक समान राजनीतिक अधिकार देता।

### ये भी जानें

मालूम रहे कि वर्ष 2016 में गर्वनिंग बॉडी चुनाव के मौके पर पंजाब एवं हाईकोर्ट के आदेश पर इलेक्शन रद्द कर दिया गया था। इस चुनाव में भाग लेने के लिए जिन उम्मीदवारों ने जमानत राशि जमा करवा थी, वे आज तक उन्हें वापस तक नहीं की गई हैं। प्रशासनिक मनमर्जी का इससे बड़ा और कोई नमूना हो नहीं सकता। सरकार ने अगर किसी व्यक्ति से एक रुपया भी लेना है और देनदार समय पर वापस नहीं करता है तो उस पर पेनल्टी लगाकर पैसा वसूल जाता है।

### ये है इलेक्शन प्रोग्राम

चुनाव प्रक्रिया से संबंधित शेड्यूल गत 11 जून को उपलब्ध करवा दिया गया। नामांकन प्रक्रिया 14 जून तक छोटूराम पॉलिटेक्निक में नियमानुसार पूरी की जाएगी। 23 जून को मतदान के लिए मतदान केंद्र मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में होगा।



## घनीपुराः व्यक्ति को पेड़ से बांधकर की मारपीट

**रोहतक।** घनीपुरा में एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आर्य नगर पुलिस को दी शिकातय में सुनील कुमार ने बताया कि वह कृपाल नगर (हाल) मकड़ौली खुर्द का रहने वाला हूं व फोटो ग्राफरी का काम करता हूं। 9 जून को प्रवीन आर्य का मेरा पास कई फोन आए। मैंने फोन उठाया तो प्रवीन आर्य बोला आपके बच्चे मेरे पास आए हुए है। मैं गांधी आश्रम घनीपुरा में पहुंच गया। कुछ देर बात चीत करने के बाद मेरे बच्चों को घर भेज दिया था और मुझे जबरदस्ती वहां पर बैठा लिया। इसके बाद घनिपुरा निवासी प्रवीन आर्य, उसके भांजा व दो मजदूरों ने मेरे साथ मारपीट की। इसके बाद दोनों मजदूरों ने मुझे पेड़ से पर बांध दिया और दोनों मजदूरों ने मेरे मुंह में कपड़ा ठुस कर मारपीट की।







फिटनेस फंडा / यश पंडित

# मेरी हेल्थ-फिटनेस का सीक्रेट न्यूट्रिशस डाइट-वॉकिंग-अच्छी नींद

कई फिल्मों और हिट टीवी शोज में नजर आ चुके, यश पंडित हाल में ही सोनी सब टीवी के शो 'आंगन अपनो का' में राकेश की भूमिका में दिखे थे। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं यश पंडित।



हम सभी को अपनी हेल्थ का बहुत ख्याल रखना चाहिए। कहते भी हैं-हेल्थ इज़ वेल्थ। मैं अपने फैंस से यही कहूंगा कि हेल्थ-फिटनेस को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### मेरा फिटनेस सीक्रेट

न्यूट्रिशस डाइट, तेज गति से वॉक, खूब पानी पीना और अच्छी नींद लेना। ये चार मेरे फिटनेस सीक्रेट्स हैं। इन चारों को मैं अपनी दिनचर्या में शामिल करता हूं। आप भी इन्हें शामिल करें फिर देखें आपकी हेल्थ कितनी बढ़िया हो जाएगी।

### हल्की एक्सरसाइज़

कोरोना के बाद चूंकि अधिकांश लोगों की इम्यूनिटी पर नेगेटिव असर पड़ा है इसलिए अब वह स्थिति नहीं रही, जब आप तीन-चार घंटे लगातार जिम में जाकर बहुत टफ वर्कआउट करें। आज के समय में हल्का वर्कआउट ही बेहतर है। अब आप शरीर को जरूरत से ज्यादा थकाते हैं तो वह झेल नहीं पाता है। ऐसी खबरें हम अकसर पढ़ते हैं या अपने आस-पास देखते हैं कि कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए गिर गया तो कोई डांस करते हुए। इसलिए शारीरिक क्षमता के अनुसार हल्की एक्सरसाइज ही करना सही है।

### डाइट का रखें ख्याल

हल्की एक्सरसाइज के साथ-साथ अपनी डाइट का पूरा ख्याल हमें रखना चाहिए। न्यूट्रिशस डाइट लें। मैं भी रेग्युलर डाइट में प्रोटीन के अलावा सब्जियों, दालों, फलों को जरूर शामिल करता हूं। ध्यान रहे आपको डेली हैवी ब्रेकफास्ट, न्यूट्रिशस लंच और डिनर लेना है। डाइट का बैलेंस होना जरूरी है।

### डिनर लेने में ना करें देरी

आजकल बहुत सारे लोग लेट नाइट डिनर करते हैं, जो सही नहीं है। हालांकि हेल्थ कॉन्शस लोग शाम सात बजे तक अपना डिनर ले लेते हैं। यह बहुत अच्छी आदत है। इससे खाने को पचने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और सुबह आप बहुत अच्छा फील करते हैं। जहां तक संभव होता है मैं भी डिनर जल्द ही कर लेता हूं। हालांकि जब शूटिंग चल रही होती है तब हम लोगों के लिए समय से लंच, डिनर करना और बैलेंस डाइट ले पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन जितना बेस्ट मैं कर सकता हूं, उस स्थिति में करने की कोशिश करता हूं। एक अच्छी बैलेंस डाइट लेने की पूरी कोशिश करता हूं।

### हमेशा खुश रहता हूं

मैं हमेशा खुश रहता हूं। मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए जिंदगी में यह भी बहुत जरूरी है कि आप हर स्थिति में खुश रहें, मस्त रहें और अपने काम में व्यस्त रहें।

### अच्छी नींद जरूरी

फिट रहने के लिए खूब काम करना और उसके बाद रात को अच्छी गहरी नींद लेना बहुत जरूरी है। अच्छी नींद, अच्छी हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होती है। इसलिए कितने ही व्यस्त रहें लेकिन नींद से समझौता न करें।

### पानी खूब पीता हूं

मैं खूब पानी पीता हूं। आपसे भी कहूंगा दिन भर में जितना हो सके पानी पीजिए। नारियल पानी, नीबू पानी, लस्सी, छाछ, दूध, फ्रूट जूस को भी शामिल करें। यानी, खूब लिक्विड अपनी बॉडी को दें।

### वॉकिंग है जरूरी

रोज कुछ समय वॉक पर जाएं। कोशिश करें कि जितना पैदल चल सकें चलें। सुबह की सैर या ईवनिंग वॉक जो कर सकते हैं करें। पैदल चलना बहुत अच्छा व्यायाम है, इसे अपनी रुटीन में शामिल करें। अगर हर इंसान 24 घंटे में से आधा घंटा भी तेज पैदल चले तो वह फिट रह सकता है। *

प्रस्तुतिः रेणु खंतवाल


---

किसी रोग से ग्रस्त होने के बावजूद, अगर आप अच्छा-पॉजिटिव सोचेंगे तो न केवल अच्छा महसूस करेंगे, बल्कि इससे आपके स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार होगा। इसके विपरीत नेगेटिव विचारों, चिंता या भय से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे अपना बचाव करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

हेल्थ एडवाइस/ विनीता

# पॉजिटिव सोचें-हेल्दी रहें





आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जब भी घर में कोई बीमार होता है, तो परिवार के बुजुर्ग सदस्य यही कहते हैं, कोई बात नहीं चिंता न करो, दवा समय पर लेते रहो, आराम करो, जल्द ही ठीक हो जाओगे। ऐसी बातें केवल बीमार को झूठा दिलासा देने या उसका मन बहलाने के लिए नहीं कही जातीं, बल्कि इसके पीछे यह मनोवैज्ञानिक तथ्य छिपा होता है कि अच्छा और पॉजिटिव सोचने पर सब कुछ अच्छा ही होता है। दरअसल, ब्रेन ही हमारी सभी शारीरिक-मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है, इसलिए जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमें अच्छा महसूस भी होता है। फिर हमारी सारी गतिविधियां भी पॉजिटिव दिशा की ओर अपने आप बढ़ने लगती हैं।

### शोध से हो चुका प्रमाणित

वर्षों पहले वैज्ञानिक अध्ययन से भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है कि पॉजिटिव सोचने वाले अधिक हेल्दी रहते हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर पी. कैनेडी ने 1961 में सबसे पहले नोसेबो इफेक्ट शब्द का प्रयोग किया था। इस टर्म की उत्पत्ति लैटिन शब्द 'नोसेरे' से हुई थी, जिसका अर्थ होता है-नुकसान पहुंचाना। उपचार के दौरान बीमार व्यक्ति के मनोदशा पर उसके सकारात्मक विचारों का क्या असर होता है, यह जानने के लिए वैज्ञानिकों ने जब उन पर अध्ययन किया तो उन्हें पता चला कि अच्छे परिणाम के बारे में सोचकर दवाओं का सेवन करने वाले लोगों की हेल्थ में तेजी से सुधार होता है। इस प्रभाव का नाम प्लेसिबो इफेक्ट दिया गया, जिसका अर्थ होता है, मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। इसी अध्ययन के अपोजिट इफेक्ट को समझने के दौरान नोसेबो इफेक्ट का प्रभाव सामने आया। इन दोनों ही तरह के अध्ययनों में कई रोचक परिणाम सामने आए। जैसे मामूली सिरदर्द होने पर वैज्ञानिकों ने लोगों को दर्द निवारक रहित टॉफी जैसी कोई सादी गोली दी, जिसे लेने के बाद लोगों ने कहा कि उन्हें आराम महसूस हो रहा है, जबकि वास्तव में उन्हें कोई दवा दी ही नहीं गई थी। इसी तरह कोविड काल के दौरान प्रयोग के तौर पर कुछ लोगों को यह बताकर विटामिन के कुछ ऐसे हल्के इंजेक्शन दिए गए कि उन्हें कोविड से बचाव का वैक्सीन लगाया जा रहा है। चूंकि लोगों को पहले से इसके साइड इफेक्ट के बारे में मालूम था, इसलिए उन्हें सिरदर्द, नॉजिया और बुखार का भ्रम होने लगा। जबकि वास्तव में उन्हें कोई वैक्सीन नहीं लगाया गया था। टीके के असर के बारे में नकारात्मक बातें सोचने के कारण लोगों को ऐसी तकलीफ महसूस हो रही थी।



### नेगेटिव सोच का इफेक्ट

जो लोग अपनी हेल्थ के प्रति जरूरत से ज्यादा सचेत होते हैं, उनमें भी नोसेबो इफेक्ट के लक्षण नजर आते हैं। अब तक किए गए अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जब कोई व्यक्ति लगातार यही सोचे कि मुझे दर्द हो रहा है, मुझे अमुक बीमारी है तो कुछ समय के बाद वाकई उसे दर्द होने लगता है। हालांकि वास्तव में वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होता है, लेकिन मनोवैज्ञानिक कारणों से उसके शरीर में बीमारियों जैसे लक्षण भी प्रकट होने लगते हैं।

### इंटरनेट नॉलेज भी है वजह

आजकल किसी भी स्वास्थ्य समस्या का नाम सुनते ही लोग सबसे पहले इंटरनेट पर उसके बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। उसके लक्षणों से अपना मिलान करने लगते हैं। सच्चाई यह है कि इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पूरी तरह सही नहीं होती है। कई बार किसी स्वास्थ्य समस्या का विवरण कुछ इस तरह दिया जाता है कि उस जानकारी से लोग भयभीत हो जाते हैं और बीमार न होने पर भी खुद को गंभीर रोग का मरीज समझने लगते हैं।

### गैजेट्स के ओवरयूज से बचें

खुद को बीमार मानने की सोच से उबरने के लिए 24 घंटे स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट्स से दूर रहना भी जरूरी है। अनेक हेल्थ एप्स का इस्तेमाल करने वाले लोग हमेशा इसी चिंता से त्रस्त रहते हैं कि आज दस हजार कदम चलने का मेरा टारगेट पूरा नहीं हुआ, कल रात मैं आठ घंटे की नींद नहीं ले पाया, मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है, नाड़ी तेज गति से चल रही है। इस तरह से कई बार गैजेट्स और हेल्थ एप्स भी लोगों को हेल्थ एंग्जायटी का मरीज बना देते हैं, इनकी वजह से स्वस्थ व्यक्ति भी स्वयं को थका हुआ और बीमार महसूस करने लगता है। बीमार होने की सोच वाली समस्या से बचाव के लिए गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें और इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पर भरोसा ना करें। अपनी हेल्थ के बारे में हमेशा अच्छा और पॉजिटिव सोचें तो हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे।



### ऐसे करें बचाव

बीमार होने की नेगेटिव सोच से बचने के लिए थॉट रिप्लेसमेंट का तरीका अपनाएं। जब भी आपके मन में सेहत के प्रति कोई नकारात्मक विचार आए तो सचेत तरीके से उसी वक्त उन बातों से अपना ध्यान हटाकर अच्छी बातें सोचना शुरू कर दें कि मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। मैं लगातार ठीक हो रहा हूं। तार्किक ढंग से सोचें और अपने जीवन की वास्तविकता को पहचानें। जब हेल्थ को लेकर मन में कोई डर या चिंता महसूस हो तो इस बात पर विचार करें कि हर बीमारी उपचार संभव है तो फिर परेशान नहीं होना चाहिए। इसके अलावा नकारात्मक बातों से ध्यान हटाने के लिए मनपसंद संगीत सुनें, प्रेरक किताबें पढ़ें या अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें। ध्यान और योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करें। *

**(मनोवैज्ञानिक सलाहकार विचित्रा दर्गन आनंद से बातचीत पर आधारित)**

---

आहार/ राजकुमार 'दिनकर'

# गर्मी में पाचन सही रखे छाछ



सदियों से हमारे देश के ग्रामीण इलाकों के खान-पान का सबसे अहम हिस्सा दूध, दही और छाछ रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में मई-जून के महीने में, जिस तरह की आग बरसाती गरमी पड़ने लगी है, उससे दही और छाछ की खपत शहरों में भी काफी बढ़ जाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि छाछ इन तपते दिनों में दिल से लेकर दिमाग तक को तृप्त कर देता है।

**बढ़ी है डिमांड-सप्लाई:** इस वर्ष भी अप्रैल के बाद से ही पूरे देश में बहुत तेजी से छाछ या मट्ठा की मांग बढ़ गई है। इसका कारण है तेज गरमी। छाछ के स्वाद और स्वास्थ्य को इससे होने वाले लाभ के कारण आज अनेक दुग्ध-उत्पादक कंपनियां पैकेटबंद अलग-अलग स्वाद की छाछ बाजार में बेच रही हैं। इन्हें खरीदकर पीने वाले ग्राहकों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। दरअसल, दही से बनने वाली छाछ में कई स्वास्थ्यवर्धक गुण मौजूद होते हैं।

**कई तरह से लाभकारी:** छाछ में मौजूद जीवाणु, आंतों में क्रियाशील हानिकारक कीटाणुओं को समाप्त कर देता है। यह हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। गर्मी के दिनों में तो यह एक औषधि जैसा काम करता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि गर्मी के दौरान दोपहर के भोजन के अंत में छाछ पीना, स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

**पाचन करे सही:** दूध और दही दोनों की अपेक्षा छाछ हल्का और सुपाच्य होता है। गर्मी के मौसम में अगर इसे रोज पिया जाए तो यह शरीर में आलस्य पैदा नहीं करता और इससे पेट में भारीपन भी महसूस नहीं होता है। कमजोर पाचनशक्ति वालों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। यह भोजन को जल्दी पचाने में भी सहायक होता है। इससे कब्ज और दस्त दोनो ही समस्याएं सही हो जाती हैं।

**कई रोगों से बचाए:** हृदय रोगियों के लिए छाछ विशेषतौर पर लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें दूध की तुलना में चिकनाई कम होती है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, दमा, गठिया आदि बीमारियां मट्ठे के सेवन से पास नहीं फटकती हैं।

**रखें ध्यान:** छाछ का सेवन जहां तक हो सके, सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के भोजन में ही करना चाहिए। छाछ हमेशा ताजा ही पीना चाहिए। इसे मिट्टी या कांच के बर्तन में पीना अधिक फायदेमंद होता है।

- बुखार आने पर, सर्दी के मौसम में या जुकाम होने की वजह से अगर कफ बन रहा हो तो इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- बारिश के मौसम में भी इसे नहीं पीना चाहिए या बहुत कम मात्रा में पीना चाहिए।
- बहुत ज्यादा खट्टा छाछ पीना भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। *

---

हर्बल जोन

रेखा देशराज

भृंगराज एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका कई तरह की शारीरिक समस्याओं में उपयोग किया जा सकता है। शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने और बालों को हेल्दी रखने के साथ ही गर्मी में यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। इसके गुणों के बारे में जानिए।

# कई समस्याओं में कारगर भृंगराज




भृंगराज का पौधा, इंसान को ज्ञात सबसे पुरानी और उपयोगी जड़ी-बूटियों में से एक है। आयुर्वेद में इसके अनेक उपयोग दर्ज हैं। सबसे ज्यादा तो यह जड़-बूटी ठंडे भृंगराज तेल के लिए जानी जाती है,जो सिरदर्द भगाने में रामबाण की तरह होता है। भृंगराज उन गिनी-चुनी हर्बल में से भी एक है, जिसका हर हिस्सा औषधीय दृष्टि से उपयोगी होता है। इसके इस्तेमाल से लिवर और आंतों के स्वास्थ्य में जबरदस्त सुधार होता है।

**कई नामों से लोकप्रिय:** भृंगराज को वनस्पतिशास्त्र में एक्लिप्टा अल्बा कहते हैं। इसके अन्य नामों में भांगड़ा, थिसल्स, माका, अंगारक, बंगरा, केसुती, बाबरी आदि हैं। इसे अलग अलग क्षेत्रों की बोली भाषाओं में अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है। इसमें तीखी गंध होती है और ये उस जगह बारिश के दिनों में अपने आप उग आता है, जहां नमी होती है।

**गर्मी में विशेष लाभकारी:** भृंगराज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए अगर गर्मी के मौसम में पेट संबंधी कोई भी समस्या मसलन अपच, गैस बनना और कब्ज से पीड़ित हों तो बहुत आसानी से इसके इस्तेमाल से इन समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर गर्मियों में भृंगराज का तीन महीने तक शर्बत पीया जाए, तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

**बालों के लिए वरदान:** भृंगराज पौधे की पत्तियों में विशेष गुण होते हैं। जिन लोगों के सिर के बाल झड़ रहे हों, वो लोग अगर भृंगराज के पौधे की हरी पत्तियों को पीसकर अपने सिर में लगा लें तो बाल झड़ने तुरंत बंद हो जाते हैं। झड़ते बालों को रोकने ही नहीं बल्कि उन्हें काला करने के बारे में भी इसको ख्याति हासिल है।

**होते हैं कई गुण:** भृंगराज में अनेक प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जैसे- फ्लेवोनॉयड और एल्कलॉइड। ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं और विभिन्न प्रकार के हानिकारक चीजों से लिवर की रक्षा करते हैं। लिवर की रक्षा के लिए भृंगराज बहुत उपयोगी माना जाता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो लिवर को हैपेटाइटिस सी जैसे वायरल संक्रमण से बचाता है। भृंगराज शरीर में होने वाली सूजन को असरदार ढंग से रोकता है और इसके अंदर जो पोषक तत्व होते हैं, उन्हीं से बालों की गुणवत्ता और उनकी लंबाई में इजाफा होता है। त्वचा के कटने, छीलने या घाव आदि हो जाने पर भी यह असरदार तरीके से काम करता है। यह कफ और वात विकार को भी कम करता है। लिवर के साथ किडनी के स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। फैटी लिवर और पीलिया जैसी समस्याओं में यह बेहद असरकारी होता है। त्वचा के संक्रमण से भी यह बचाता है।

**एक्सपर्ट की राय से करें यूज:** इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर और उसमें तेल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर बाजार से मिलने वाले भृंगराज हर्बल के विभिन्न प्रोडक्ट्स जैसे कैप्सूल आदि का सेवन किया जा सकता है। भृंगराज का उपयोग हमेशा किसी आयुर्वेद एक्सपर्ट की सलाह और देख-रेख में ही करना चाहिए, वरना नुकसान भी हो सकता है। *


---

डिजीज

डॉ. माजिद अलीम

ब्रेन ट्यूमर की समस्या किसी भी उम्र में और किसी को भी हो सकती है। ऐसे में इससे बचाव का एक ही तरीका है कि समय रहते इसे डायग्नोज कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए। इसके लिए लोगों में अवेयरनेस होना जरूरी है।

# ब्रेन ट्यूमर सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है




विशेषज्ञों के मुताबिक़ ब्रेन ट्यूमर के चार स्टेज होते हैं और अगर तीसरे स्टेज के शुरुआत में भी इसका पता चल जाए तो बीमार व्यक्ति को बचाया जा सकता है। इस बात से यह महत्वपूर्ण तथ्य निकलता है कि अगर हम समय रहते ब्रेन ट्यूमर की पहचान कर लें, तो इस घातक बीमारी से हर हाल में बचा जा सकता है।

**किसी को भी हो सकता है:** हर साल दुनिया में ब्रेन ट्यूमर के 300000 से ज्यादा मामले सामने आते हैं। यह समझना भी जरूरी है कि कोई भी इसकी गिरफ्त में आ सकता है। एक जमाने में माना जाता था कि 20 साल की उम्र तक के लोगों को ब्रेन ट्यूमर की समस्या नहीं होती, लेकिन बदले खान-पान, प्रदूषण में हुए भारी इजाफे और अन्य कारणों के चलते आज 21 से 85 साल की उम्र समूह के किसी भी शख्स को इसकी समस्या हो सकती है। 40 साल से ज्यादा की उम्र वालों में इसकी आशंका इससे कम उम्र के लोगों के मुकाबले 20-21 फीसदी बढ़ जाती है।

**क्या है ब्रेन ट्यूमर:** वास्तव में जब मस्तिष्क में या इसके आस-पास की कोशिकाओं के डीएनए में खामी आ जाती है या वो बदल जाते हैं तो ये ब्रेन कैंसर के खतरे को जन्म देते हैं। दरअसल, डीएनए परिवर्तन के चलते जब ट्यूमर कुछ खास रसायनों के संपर्क में आता है तो इनका प्रभाव बहुत घातक हो जाता है। सवाल है, आखिर किसी को ब्रेन ट्यूमर किन वजहों से होता है और किन वजहों से इसमें लगातार तेजी आती जा रही है? सच्चाई यही है कि ब्रेन ट्यूमर की एक बड़ी वजह धरती में नियमित रूप से प्रदूषण का बढ़ना है। दरअसल निकिल, कैडमियम, विनाइल क्लोराइड, रेडान, बेंजीन ऐसे रसायन हैं कि अगर इन रसायनों के लगातार संपर्क में रहा जाए तो ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है। धूम्रपान भी इसकी दूसरी एक बड़ी वजह है। सिर में चोट लगने पर अगर सही से उसका इलाज न करवाया जाए तो एक स्थिति के बाद यह चोट भी मस्तिष्क ट्यूमर की वजह भी बन सकती है। लगातार तनाव में रहना, नींद न आना, बार बार चोट लगना इससे भी ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है।

**पहचानें शुरुआती लक्षण:** ब्रेन ट्यूमर को समय रहते पकड़ना मुश्किल नहीं है बशर्ते हम सजग हों। जब सुबह के समय सिर में तेज दर्द हो और इसी दर्द की वजह से कई बार रात को जागना भी पड़े तो यह सामान्य सिरदर्द नहीं। ऐसे में तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाना चाहिए कि कहीं यह ब्रेन ट्यूमर की निशानी तो नहीं। रात में और सुबह तेज सिरदर्द के अलावा ब्रेन ट्यूमर के जो अन्य महत्वपूर्ण लक्षण हैं उनमें-बोलने और सोचने में कठिनाई का महसूस होना, आंखों में धुंधला दिखना, अचानक सुनने की क्षमता में कमी हो जाना, चेहरे का सुन्न हो जाना, थूक को निगलने में कठिनाई होना, किसी चीज में मन न लगना, विभिन्न तरह की गंधों का पता न लगना यानी उनका एहसास न होना। ये सब ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं।

**संभव है ट्रीटमेंट:** ब्रेन ट्यूमर लाइलाज नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इस बीमारी को पकड़ने में आप चूक गए तो यह लाइलाज हो सकता है। इसलिए सबसे जरूरी यही है कि आप इसे लेकर सजग रहें। अगर आप के माता-पिता ब्रेन ट्यूमर के सर्वाइवर रहे हैं तो आपको और भी ज्यादा सावधान रहना चाहिए क्योंकि आपके इसकी चपेट में आने की आशंका और ज्यादा है। *

---

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035

या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### सीसर खास के श्मशान घाट से ईंजन, गेट व पाइप चोरी

**महम।** सीसर खास गांव के श्मशान घाट में चोरी की वारदात सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में सीसर खास गांव की सरपंच अनुराधा ने बताया कि गांव के श्मशान घाट में पंचायत द्वारा विकास कार्य करवाया जा रहा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने वहां से एक ईंजन, एक गेट का पल्ला और 7 पाइप चोरी कर लिए।

### जसबीर ग्लोबल ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड से सम्मानित

**रोहतक।** जसबीर को ग्लोबल ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें योग, संस्कृति, सभ्यता एवं सामाजिक क्षेत्र के प्रति उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू (नेपाल), अपराजिता फाउंडेशन और गुरु विद्यापीठ रोहतक (भारत) के संयुक्त तत्त्वाधान 2024 ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड से नवाजा गया। त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू में आयोजित समारोह में नेपाल के सांसद अमरेश कुमार एवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संजीता वर्मा ने अंग वस्त्र, रुद्राक्ष की माला, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया।

### पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों पर किया हमला

**रोहतक।** गांव चिड़ी में पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों पर तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें वह दोनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लोकेश ने लाखन माजरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शादीशुदा है। करीब एक वर्ष पहले चाचा जगमेंद्र की मेरे ताऊ रमेश के साथ कहासुनी हुई थी।

### दो युवकों ने एक युवक को पीटकर किया घायल

**खरखौदा।** मटिंडू मार्ग पर दो युवकों ने पीटकर एक युवक को घायल कर दिया। छिनौली निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह मटिंडू मार्ग पर एक कंपनी में चालक की नौकरी करता है। जब वह अपने साथियों के साथ कंपनी के बाहर बैठा था, तो उसके गांव के दो युवक अपनी कार में वहां पर पहुंचे। जिन्होंने आते ही उसके साथ गाली गलौज करते हुए अपने हाथों में लिए लाठी डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिसके कारण वह घायल हो गया।

# फीस बढ़ोतरी पर गुस्साए एमडीयू के छात्रों ने कुलपति का पुतला जलाया

## सुशील हुड्डा ने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में ज्यादातर गरीब बच्चें पढ़ने के लिए आते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक






रोहतक। एमडीयू के गेट नंबर दो पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा फीस बढ़ोत्तरी करने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस पार्टी की विद्यार्थी ईकाई एनएसयूआई के सदस्य।

कांग्रेस पार्टी की विद्यार्थी ईकाई एनएसयूआई ने बुधवार को सुबह 10 बजे रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गेट नंबर दो पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा फीस में पांच गुणा बढ़ोत्तरी करने के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए एनएसयूआई के प्रदेशाअध्यक्ष अविनाश यादव और सुशील हुड्डा एनएसयूआई छात्र नेता ने विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एमडीयू कुलपति और बीजेपी सरकार का पुतला फूंका। सुशील हुड्डा ने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में ज्यादात्तर गरीब बच्चें पढ़ने के लिए आते हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार इनमें फीस वृद्धि करके गरीब बच्चों से शिक्षा का अधिकार छिनना चाहती है।

छात्र नेता सुशील हुड्डा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों से डेवलपमेंट फीस के तौर पर भारी रकम वसूल रहा है। जोकि छात्रों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, हम केंद्र सरकार ने आग्रह करते है जल्द से जल्द इस नीति को तुरंत प्रभाव से वापस लेकर छात्रों के हितों की रक्षा करें। इस दौरान एनएसयूआई टीम से हरदीप ढुल, हितेश लाठर, आकाश हुड्डा,मंजीत बुरा ,अरविंद गिल, अमित हुड्डा, राकेश, अतुल बामल, अश्वनी सांगवान, विकास फोगाट, हरदीप गिल, राकेश बाजिया, सत्एंद्र चौधरी, मोहित हुड्डा, मनीष व अन्य छात्र मौजूद रहे। ध्यान रहे कि बी-कॉम कोर्स की पहले फीस 8592 रुपए थी, जो अब बढ़क़र 40660 रुपए हो गई है। वहीं, बीए की फीस 8522 रुपए थी जो अब 30660 रुपए हो गई। ??बीबीए. , बीसीए और बीटीटीएम की पिछले साल फीस 43692 रुपए थी, जो अब बढ़क़र 61650 रुपए हो गई।

### छात्र संगठनों ने निकाली शवयात्रा

**रोहतक।** भगत सिंह छात्र संगठन, एनएसओ छात्र संगठन है और एएमवीए छात्र संगठन ने सैकड़ों छात्र सहित इकट्ठा होकर सीएम और यूनिवर्सिटी प्रशासन की शव यात्रा निकाली। छात्र नेता सुधीर सहारण ने कहा कि न्यू ईपी लागू करना शिक्षा का निजीकरण और गरीब तबके को शिक्षा से वंचित रखना है। छात्र नेता प्रदीप मोटा ने कहा कि धीरे धीरे मदवि को प्राइवेट यूनिवर्सिटी करने का प्रयास है। सरकार शिक्षा को निजी हाथो में देना चाहती है। इस मौके पर लक्ष्य मलिक, आदर्श बुरा, बंटी महाला, हितेश, प्रिंस धनकर, सौरभ धुल, रवि दाहिया, सुमित सिवाच, चांद बाबा, साहिल अटाल, अमित चहल, गुलिया, मुकुल राठी, अंशु अहलावत, प्रवेश बाबा, हरीश हुडा, अंकित मलिक, मोहित सहरावत और दीपक मौजूद रहे।



रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी प्रशासन की शव यात्रा निकालते हुए भगत सिंह छात्र संगठन व एनएसओ छात्र संगठन के सदस्य।

### फीस को लेकर एमडीयू ने उच्च स्तरीय समिति बनाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने फीस संबंधी मुद्दों पर विभिन्न छात्र संगठनों की शिकायतों और अभ्यावेदनों पर विचार करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। कुलसचिव प्रो गुलशन तनेजा ने कहा कि यह उच्च स्तरीय समिति छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों को उनके अनुरोध/अभ्यावेदन/शिकायत के संबंध में समिति के समक्ष उपस्थित होने के लिए आमंत्रित करेगी। शिकायतों और अभ्यावेदनों पर सुनवाई करने के बाद समिति दस दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय अधिकारियों को सौंपेगी।

मार्केट न्यूज

### दुहन पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल (आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट) के बच्चों का आईआईटी जेईई एडवांस 2024 और नीट में बेहतरीन प्रदर्शन



ऋषभ अंश दुहन यश लांबा युवराज वर्मा

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आईआईटी जेईई एडवांस 2024 में अच्छा स्कोर करके स्कूल का नाम रोशन किया। जिसमें अंश दुहन ने 11002 रैंक, यश लांबा ने 11852 रैंक, दीपक ने 12500 व ऋषभ ने 17548 (ओबीसी एनसीएल 4315) अंक प्राप्त कर स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया। वहीं नीट की परीक्षा में युवराज वर्मा ने 720 में से 660 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक व अध्यक्ष डॉ. अशोक दुहन ने बच्चों को बधाई दी। उनका मुंह मीठा करवाते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 84 लोगों ने किया रक्तदान



रोहतक। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए समाजसेवी नवीन जैन।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

समाजसेवी अजय हुड्डा के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 84 लोगों ने रक्तदान किया और 36 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सुनो नहरो की पुकार मिशन की ओर से लगाए गए कैंप में पौधरोपण भी किया गया। कैंप छोटू राम लॉ कॉलेज के मुख्य द्वार पर लगाया गया। समाजसेवी नवीन जैन ने रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बाबा कालिदास महाराज अति विशिष्ट अतिथि रहे। उन्होंने रक्तदान को पुण्य का सबसे बड़ा कार्य बताया। इस अवसर पर डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. प्रवीण मल्होत्रा, डॉ. रविंद्र नांदल, डॉ. राजीव जून, कर्ण सिंह अहलावत, नवीन दहिया, डॉ. जसमेर सिंह, सतबीर सिंह छिकारा, सहाब सिंह, राजबीर मलिक, निर्मल पन्नू, दीपक छारा, मीनू सिंह, मनोज सहरावत, राहुल नांदल, हितेश जाखड़, अनिल साहू, उमेद सिंह गिल, जगत सिंह गिल, स्वीट मलिक, रवींद्र मलिक, राजकुमार मौर, अशोक शर्मा, संदीप डांगी, प्रदीप घनघस, अभिषेक देशवाल, दीपक मलिक, मनोज, साहिल, कमल आदि मौजूद रहे।




## कैथल में सिख युवक से मारपीट करने वालों को जल्द पकड़ा जाए

**रोहतक।** कैथल में पिछले दिनों सिख युवक के साथ मारपीट व जान से मारने की कोशिश की वारदात की रोहतक में निंदा की गई। बुधवार को लेबर चौक पर रोहतक की सिख संगत सरदार महेंद्र सिंह चावला रूबी चावला के नेतृत्व में इकट्ठी हुई और सरकार से मांग की है कि दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। रूबी चावला ने कहा कि इस वारदात को लेकर पूरे देश में रोष है। हम ऐसे लोगों का बहिष्कार करते हैं और प्रशासन से भी मांग करते हैं कि दोषियों को जल्द पड़कर सिख समाज पर मलहम लगाने का काम किया जाए। इस मौके पर सरदार जसबीर सिंह, मलकियत सिंह, अजीत सिंह, मोहिंदर सिंह, शेरा सिंह, तारा सिंह, सुरजीत सिंह, टिनका सिंह और संता सिंह मौजूद रहे।

# आर्य राष्ट्र के प्रथम स्वप्न द्रष्टा थे स्वामी इंद्रवेश : स्वामी आर्यवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

आर्य समाज के नेता पूर्व सांसद स्वामी इंद्रवेश की 18वीं पुण्यतिथि पर स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटौली में बुधवार को युवा संकल्प व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने की। समारोह में मुख्य अतिथि नाड़ी वैध कायाकल्प के संचालक सत्यप्रकाश आर्य और विशिष्ट अतिथि नशाबंदी परिषद हरियाणा के प्रधान स्वामी रामवेश रहे। स्वामी रामवेश ने कहा कि स्वामी इंद्रवेश के साथ मैंने बहुत लंबे समय तक कार्य किया है। वो समाज निर्माण के पुरोधा के रूप में कार्य करते थे। उनका समाज निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा। कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी, व किसान मजदूर के मुद्दों पर स्वामी इंद्रवेश अग्रणी नेता की भूमिका में रहते थे। उन्होंने कहा कि यह देश संतों का देश है। देश को नई दिशा देने में संतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि स्वामी इंद्रवेश आर्य राष्ट्र निर्माण के प्रथम स्वप्न द्रष्टा थे। उन्होंने ही आर्य राजनीति की नींव रखी। समाज में एक आदर्श राजनीती की पहल उन्होंने की। आज हम उनके अधूरे स्वप्नों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि वर्तमान का आर्य युवा निर्माण अभियान व बेटी बचाओ अभियान स्वामी इंद्रवेश की देन है। आर्य समाज में सबसे ज्यादा सन्यासी स्वामी इंद्रवेश ने तैयार किये। आज उनके द्वारा तैयार की गई दयानंद की फौज ही आर्य समाज में सक्रिय रूप से कार्य कर रही। स्वामी इंद्रवेश को विरजानंद एडवोकेट, स्वामी सूर्यवेश, समाज सेवी जयसिंह एडवोकेट, गोहाना, जसवंत देशवाल, पूर्व विधायक चौधरी अजीत सिंह, रणधीर रेढू एडवोकेट , रामपाल शास्त्री, रामनिवास आर्य, जगदीश सींवर, महावीर ठेकेदार, पूनम आर्या, कल्याणी आर्या, प्रवेश आर्या आदि ने श्रधांजलि अर्पित की।



रोहतक। कन्या चरित्र निर्माण शिविर का समापन पर व्यायाम प्रदर्शन दिखाते हुए कन्याएं।

### हमारी संस्कृति ऋषि व कृषि से जुड़ी हुई

स्वामी इंद्रवेश स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉक्टर ज्वलंत कुमार ने कहा कि हमारी संस्कृति ऋषि व कृषि से जुड़ी हुई है। आज भी हमें ऋषि दयानंद के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। सम्मान समारोह में आर्य विरक्त सम्मान स्वामी रामवेश को, वैदिक विद्वान सम्मान डॉ. ज्वलंत कुमार, अमेठी, युवा सम्मान सज्जन राठी, रोहतक, अजीतपाल जींद, धर्मेंद्र पहलवान छापरौली, अवनीश आर्य रठौडा, जबकि आर्य वीरांगना सम्मान दिल्ली की शालिनी, रोहतक की सुषमा, मोखरा की एकता आर्या, सूखदा आर्या को प्रदान किया गया। जबकि भजोपदेशक सम्मान हिसार की कल्याणी आर्या को दिया गया। इनके अतिरिक्त 21 को सक्रिय कार्यकर्ता सम्मान दिया गया।

# कमेटी ने लिया फैसला, 22 को होगा शोरी मार्किट प्रधान पद का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान पद के लिए 22 जून को चुनाव होगा। बुधवार को वर्किंग बॉडी की बैठक मार्केट कार्यालय में हुई, जिसमें ऑल रोहतक होल्सेल शोरी क्लाथ मार्किट एसोसिएशन का चुनाव करवाने को लेकर फैसला लिया गया। जनरल सेक्रेटरी विनीत जैन ने बताया की मार्केट प्रधान गुलशन ईशपुनियानी को सर्वसमत्ति से दोबारा प्रधान बनाने पर सहमती जताई थी, लेकिन प्रधान ने इस्तीफा वर्किंग बॉडी के सामने रखा था, जिसे नामंजूर कर दिया गया था। प्रधान ने कहा कि सर्वसमत्ति से नए चेहरे को मौका दिया जाए और बॉडी को 2 दिन में बाकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी थी। अब फैसला किया है कि चुनाव करवाया जाएगा। 62 नए सदस्यों को भी इस बार चुनाव में वोट करने का अधिकार होगा। उन 22 सदस्यों को वोट डालने का अधिकार नहीं होगा, जिन्होंने मेंबरशिप नहीं दी। चुनाव होने तक कार्यकारी प्रधान गुलशन ही रहेंगे। मीटिंग में ऑनलाइन चुनाव को भी गुलशन ईशपुनियानी ने खारिज कर दिया था। बता दे की इस चुनाव मे 625 सदस्यों की जगह 665 सदस्य वोट का प्रयोग करेंगे। वोट का अधिकार केवल फर्म मालिक या हिस्सेदार को होगा।

### 11 हजार है जमानत राशी

जो भी व्यक्ति चुनाव लड़ना चाहता है वह अपने साथ 11 वोटर्स का समर्थन और 11000 रुपये सिक्योरिटी का अपनी फर्म का चेक कैशियर नरोत्तमदास चावला या महामंत्री विनीत जैन को 15 जून सुबह 11 बजे तक जमा करवाकर नोमिंनेशन फार्म 18 जून को कार्यालय से प्राप्त कर सकता है। इच्छुक व्यक्ति द्वारा चुनाव न लड़ने की सूरत में यह राशि वापस नहीं होगी और एसोसिएशन के खाते में जमा कर दी जाएगी। नोमीनेशन फार्म के लिए 1100 रुपये अलग से देने होंगे।

### 19-20 को नामांकन पत्र जमा होंगे

संविधान के अनुसार प्रधान पद का चुनाव 2 ही तरीको से होगा पहला सर्वसमति से निर्विरोध और दूसरा बैलेट से वोटिंग द्वारा। अगर सर्वसमति न बन सके या सदस्य चाहे तो चुनाव करवाना अनिवार्य है। नोमीनेशन फार्म 19 और 20 जून को 11 बजे से 5 बजे तक एसोसिएशन कार्यालय मे जमा होंगे। 21 जून को फार्म की जांच वापसी और चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। 22 जून को वोटिंग होगी, जिसके लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से ईश्वर आहूजा, ईश्वर चंद्र मित्तल, विजय कुमार, सुनील मलिक, यशपाल अरोड़ा, सोमनाथ सचदेवा, जवाहर परुथी, ओम प्रकाश गर्ग, मुकुंद लाल, मुरारी लाल, असीम सिंधवानी, सुरेश सिंघल, गौरव जैन, अशोक कुमार, रविंद्र बंसल, पंकज मिगलानी, मिंटू अनेजा, सतीश गर्ग, कुलदीप मित्तल, संजय परुथी, हरीश, वीरेंद्र गोयल, हरीश अरोड़ा, राजकुमार निगानिआ, कमल परुथी, अशोक गर्ग, नरेश कुमार और दीपक गोयल मौजूद रहे।

### कृषि भूमि पर कब्जा करने व कपास की फसल उजाड़ने का आरोप

**महम।** मोखरा गांव में एक किसान ने तीन लोगों पर उसकी जमीन को कब्जाने और खेत में खड़ी कपास की फसल को उजाड़ने का आरोप लगाया है। बहु अकबरपुर थाने में दी शिकायत में मोखरा खास गांव निवासी धर्मबीर पुत्र सूरजमल ने बताया कि साल 1967-68 में सरप्लस व मुजारा की जमीन 2 बीघे 18 बिस्वे मौजा मोखरा खेड़ी पाना रोज में स्थित है। यह जमीन उनको अलाट हुई थी।

जिसका उनको मालिकाना हक मिला हुआ है। तब से लेकर अब तक इस जमीन पर उनका ही कब्जा चला आ रहा है। इसका मुकदमा भी चल चुका है। इंतका भी मंजूर हो चुका है। इस जमीन पर सुरेश पुत्र धनपत, दीपक पुत्र सुरेश व मंजीत पुत्र राजमल ने दो मैसी ट्रैक्टर चलाकर हैरो व कल्टीवेटर से खेत में खड़ी कपास की फसल को उजाड़ दिया।

## सत्ता पक्ष ही कर रहा डीसी से शिकायतः जगमाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



कांग्रेस नेता व पूर्व जिला महासचिव जगमाल नरवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आश्चर्य की बात है की निगम को चलाने वाले ही डीसी को शिकायत कर रहे हैं। नरवाल ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि सरकार की शिकायत विपक्ष की बजाय सत्ता पक्ष कर रहा है। पूर्व मेयर मनमोहन गोयल को उन्होंने कहा कि वे 5 साल तक सत्ता में रहे, तब कोई कदम क्यों नहीं उठाया। जगमाल नरवाल ने कहा कि जल्द ही लोगों के पानी बिजली रोड तथा सीवर की समस्या का समाधान किया जाए।

**चोरी की दो वारदातों में दो आरोपी गिरफ्तारः** रोहतक पुलिस ने चोरी की अलग-2 दो वारदातों दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि मकडौली कलां निवासी यशपाल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई थी।

**NOTICE**

I, Ritesh S/o Sanjay R/o VPO Ismaila-11B, Teshil- Sampla, Distt. Rohtak declare that my real name is Ritesh S/o Sanjay in all my documents, but in my LIC Policy No. 173954073 my name is mentioned as Ravi Kumar S/o Sanjay Kumar. Ritesh S/o Sanjay & Ravi Kumar S/o Sanjay Kumar are the names of one and the same person i.e. myself.

### पीएनजी की घरों तक सप्लाई होने से एमडीयू एम्प्लाइज लाभान्वित होंगे

# एमडीयू परिसर में अब पीएनजी से बनेगा खाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में सभी घरों तक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पहुंचेगी और एमडीयू एम्प्लाइज को गैस सिलेंडरों से छुटकारा मिलेगा। इस दिशा में अहम कदम बढ़ाते हुए बुधवार को एमडीयू ने भारत पेट्रोलियम को.लि. के साथ पीएनजी सप्लाई घरों तक पहुंचाने के लिए एमओयू किया। उल्लेखनीय है कि इस दिशा में आवासीय परिसर में गैस पाइप लाइन की कनेक्टिविटी पहले ही की जा चुकी है। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस. मान की उपस्थिति में एमडीयू की तरफ से कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा तथा भारत पेट्रोलियम को.लि. के टेरिटरी मैनेजर उत्तम मिंज ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।



रोहतक। एमओयू करते हुए डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस. मान की उपस्थिति में एमडीयू की तरफ से कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा व भारत पेट्रोलियम को.लि. के टेरिटरी मैनेजर उत्तम मिंज।

डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. ए.एस. मान ने इस अवसर पर कहा कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के नेतृत्व में एमडीयू एम्प्लाइज को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए विवि प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने इस दिशा में इस एमओयू को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पीएनजी की घरों तक सप्लाई होने से एमडीयू एम्प्लाइज लाभान्वित होंगे।


कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने कहा कि एलपीजी की जगह पीएनजी अधिक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि एम्पलाइज को अब गैस पाइपलाइन से डायरेक्ट कनेक्टिविटी होने के चलते गैस खत्म होने की चिंता भी नहीं करनी होगी।

भारत पेट्रोलियम को.लि. के टेरिटरी मैनेजर उत्तम मिंज ने कहा कि एमओयू होने के बाद अब जल्द ही एमडीयू परिसर में पीएनजी की सप्लाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएनजी का फायदा यह होता है कि इसकी सप्लाई निर्बाध होती है और यह एलपीजी से सस्ती पड़ती है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

KALPANA CHAWLA VIDYAPEETH
SAMCHANA, ROHTAK
VACANCY
- Mother Teacher (From Nur. to 2nd)
- PRT - English, EVS, Hindi
- TGT - SS.
Note: Cab Facility Available From Rohtak
Salary No Bar For Deserving Candidates
WALK-IN-INTERVIEW
Date: 16 June 2024 at 9:00 am to 11:00 am
Freshers can also apply
Contact - 8640000750, 9466416016
Mail your CV at sarvankumarsamchana@gmail.com

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE




निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

